>

Title: Need to harness the tourism potential of Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनाएँ है । आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर का धनी दौसा संसदीय क्षेत्र अभी तक पर्यटन के क्षेत्र में चिन्हित नही किया गया है । जबकि यहा (1) ऐतिहासिक आभानेरी बावडी, (2) भानगढ़ का रहस्यमय किला, (3) संत सुन्दरदास धाम एवं एकलिंग मन्दिर, (4) भारत प्रसिद्ध मेहन्दीपुर बालाजी धाम, (5) नई का नाथ, शीतला माता धाम, (6) माधोगढ़ का किला, इत्यादि स्थित हैं ।

इसके अतिरिक्त मीणा जन-जातियों की रंग विरगी संस्कृति लोक विधाएँ सम्पूर्ण भारत मे सुनी व देखी जाती है ।

यहां पत्थर पर नक्काशी का कार्य राम मन्दिर व संसद भवन तक लगा है । विदेशी भी इस कलाकारी से प्रभावित होकर जाते हैं ।